डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, वेलचेरी, चेन्नई - 42

प्रतिवेदन - राष्ट्रीय साक्षरता दिवस - 2022-2023

दीप से दीप जलाएँगे, देश को साक्षर बनाएँगे।

शिक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने और उनका ध्यान इस मूलभूत आवश्यकता की ओर आकर्षित करने के लिए डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, चेन्नई के परिसर में राष्ट्रीय साक्षरता दिवस बड़े जोश और उत्साह के साथ मनाया गया। वर्ष 2022 की थीम थी **- ट्रांसफॉर्मिंग लिटरेसी लर्निंग स्पेस**। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रेरणादायक संवाद द्वारा बच्चों ने किया। प्रतिस्पर्धा की इस दौड़ में लोगों में आत्मविश्वास और मनोबल बढ़ाने के लिए ज्ञान खेल के अंतर्गत उन्होंने शिक्षा के महत्त्व को दर्शाया। 'साक्षर भारत, मजबूत भारत' नामक सूचनात्मक नुक्कड़ नाटक के द्वारा विद्यार्थियों ने सार्वभौमिक साक्षरता के लिए लोगों को जागृत किया।

तत्पश्तात छात्राओं ने ओजस्वी भाषण देते हुए शिक्षा की आवश्यकता, महत्त्व और उद्देश्य पर बल दिया। छात्राओं ने तमिल और हिन्दी भाषा में 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' और 'प्रौढ़ शिक्षा' विषय पर शिक्षाप्रद गीत गाने के साथ-साथ संदेशात्मक नृत्य के माध्यम से अभिनय भी किया, जिसका संदेश बालिकाओं और प्रौढ़ों को शिक्षित करना और स्वावलंबी बनाना था। कार्यक्रम का मूल उद्देश्य समावेशी शिक्षा की ओर सभी को अग्रसर करना था। अंत में राष्ट्रगान और शान्ति पाठ के साथ कार्यक्रम की समाप्ति हुई।

डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, वेलचेरी, चेन्नई -42

राष्ट्रीय साक्षरता दिवस - 2022-2023

'साक्षर भारत, मजबूत भारत' नामक सूचनात्मक नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति

छात्राओं द्वारा ओजस्वी भाषण

'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' और 'प्रौढ़ शिक्षा' विषय पर गीत के साथ संदेशात्मक नृत्य का प्रदर्शन

छात्राओं द्वारा भव्य नृत्य की प्रस्तुति